पत्रांक–77/न0प0/उपविधि/गजट/2021–22–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा आवेदन सं0–10/2015 में दिनांक 10–12–2015 को पारित आदेश के अनुपालन में एवं नगर पालिका अधिनियम 1916 (यथाप्रवृत्त उत्तराखण्ड राज्य में) की धारा 276 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार तथा धारा 298 के खण्ड झ (घ) ञ (घ) में दी गयी उपनियम बनाये जाने की शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा धारा–301 के अन्तर्गत दी गयी शक्ति के अनुसार उपविधि का प्रकाशन कराने हेतु नगर पंचायत केलाखेड़ा (ऊ0सिं0नगर) की बोर्ड बैठक दिनांक 27.08.2021 के प्रस्ताव सं0–01 द्वारा सर्व सम्मति से पारित प्रस्ताव के अनुसार उपनियम "प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट" उपनियम–2021 बनाये जाने की स्वीकृति उपरान्त यह विज्ञप्ति इस आशय से आपत्ति/सुझाव चाहने हेतु प्रकाशित की जा रही हैं, जिन व्यक्तियों पर इसका प्रभाव पड़ने जा रहा हैं।

अतः लोकहित में सुविधा, सुरक्षा एवं नियंत्रण व विनियमन करने हेतु प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट उपनियम–2021 में यदि किसी संस्था, व्यक्ति, व्यक्ति विशेष, फर्म, उद्योग, को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो वे इस विज्ञप्ति की प्रकाशन तिथि से 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय नगर पंचायत केलोखेड़ा में प्रस्तुत कर सकता हैं, समय अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति अथवा सुझाव पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जा सकेगा। जो निम्नवत है:–

परिभाषा :–

1– संक्षिप्त नाम और लागू होने की तारीख :– यह उपनियम नगर पंचायत केलाखेड़ा "प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट" उपनियम–2021, नियमावली कहलायेगी, जो कि विज्ञप्ति सरकारी गजट उत्तराखण्ड में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी। यह उपनियम नगर पंचायत केलाखेड़ा की सीमा के भीतर लागू होगें।

2– नगर पंचायत – नगर पंचायत का आशय नगर पंचायत केलाखेड़ा के परिसीमन 2018 के उपरान्त 09 वार्डो की सीमा से हैं।

3– अधिशासी अधिकारी– अधिशासी अधिकारी का आशय नगर पंचायत केलाखेड़ा के कार्यपालक अधिकारी से हैं।

4– अध्यक्ष – अध्यक्ष का आशय नगर पंचायत केलाखेड़ा के निर्वाचित बोर्ड के अध्यक्ष से हैं, अध्यक्ष के कार्यकाल समाप्त हो जाने पर अध्यक्ष के स्थान पर प्रशासक/उपजिलाधिकारी, अध्यक्ष के रूप में प्रभारी अधिकारी से हैं।

5– सेप्टेज मैनेजमेन्ट सेल– सेप्टेज मैनेजमेन्ट सेल का आशय नगर पंचायत केलाखेड़ा में सरकारी सेवा के शासन द्वारा नामित अधिकारियों के समूह की एक गठित इकाई से हैं, जो कि सेप्टेज मैनेजमेन्ट सेल कहलायेगा। जिसके अध्यक्ष, उपजिलाधिकारी बाजपुर होंगे तथा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केलाखेड़ा सदस्य सचिव होंगे और अधिशासी अभियन्ता पेयजल निगम, अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान तथा चिकित्साधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, केलाखेड़ा एवं अवर अभियन्ता, नगर पंचायत केलाखेड़ा नामित सदस्य होंगे।

1–प्रसंग :– राष्ट्र का यह अनुभव रहा है, कि सैप्टिक टैंक और अवधीय जो डिजायन से सम्बन्धित है, स्थानीय संस्थानों द्वारा वर्षो से अनुपालन किया जा रहा है, जिसके सफल संचालन हेतु कुशल प्रबन्धन की आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है, कि नगर में एक उचित वैज्ञानिक प्रबन्ध के मामलों में सेप्टेज तकनीकी का अनुपालन किया जाता है ताकि पर्यावरण की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सेप्टज/फीकल स्लज सेप्टिक टैकं गढढे शौचालय पर्यावरण नदी एवं अन्य पानी आदि स्रोत को प्रदूषित न करें।

1.1–राष्ट्रीय फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबन्धकीय नीति :–

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शहरी विकास मन्त्रालय भारत–सरकार ने एक फार्मूला प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबन्धकीय नीति वर्ष 2017 में इस दृष्टिकोण के साथ कि समस्त भारतीय शहर और नगर पूर्ण रूप से स्वच्छ तन्दुरूस्त और जीवित बने रहे एवं अच्छी सफाई की जा रहे तथा प्रदूषण से मुक्ति मिल सके, जिसके साथ उन्नत स्थल स्वच्छता सेवा साथ ही

फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबन्धन हो सके, ताकि सार्वजनिक उत्कृष्ठ स्वास्थ्य स्तर को अधिकतम प्राप्त किया जा सकें और स्वच्छ वातावरण बना रहे, जिसमें विशेषकर गरीबों पर ध्यान केन्द्रित किया जाये। शहरी नीति का मुख्य उद्वदेश्य एक स्वस्थ वातारण प्रसन्न प्राथमिकता और दिशा निर्धारित करनी है, ताकि राष्ट्रव्यापी अनुपालन इन सेवाओं का समस्त क्षेत्र में हो सके जैसे कि सुरक्षित और स्थाई सफाई व्यवस्था प्रत्येक परिवार के लिये गलियों में, नगर में और शहरों में बनी रह सकें।

1.2 उत्तराखण्ड में सेप्टेज प्रबन्धक प्रोटोकाल :–

माननीय एन0जी0टी0के आदेश सं0–10/2005 दिनॉक 10–12–2015 में निम्न निर्देश निर्गत किये गये है। जो कि उत्तराखण्ड में सेप्टज प्रबन्ध के सम्बन्ध में है। "उचित प्रबन्ध योजना या प्रोटोकाल तैयार किया जायेगा और राज्य सरकार द्वारा समस्त एजेन्सी द्वारा सूचित किया जायेगा, यह आशान्वित करने के लिये कि सीवरेज की निकासी जो सामान्य सैप्टिक टैंक में या बायोडाईजस्टर में एकत्रित की जाती है नियमित रूप से खाली की जाये ओर उसका समुचित प्रबन्ध किया जाये। उसके परिणाम स्वरूप इस प्रकार जो खाद एकत्रित हुई है वह निःशुल्क किसानों को वितरित की जाये और इस उद्देश्य हेतु राज्य प्रशासन एक भागीदारी सम्बन्धित निकाय नगर पंचायत केलाखेड़ा की होगी। उपरोक्त के अनुपालन में जलापूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम 1975/नगरपालिका अधिनियम 1916 शहरी विकास निदेशालय जो कि उत्तराखण्ड जल संस्थान के समन्वय से होगा उन्होंने एक प्रोटोकाल सेप्टिज प्रबंध के तैयार किया है जो कि सचिव शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड सरकार द्वारा सूचित किया गया है। ताकि इसका अनुपालन शहरों/नगरों में हो सकें। आदेश सं0 597/(iv(2)–श0वि0–2017–50(सा0)/16 दिनॉक 22–05–2017 राज्य का सैप्टिज प्रबन्धन प्रोटोकाल राज्य और शहरों का यह दिग्दर्शन कराता है ताकि वैज्ञानिक सैप्टिज प्रबन्धन बना रहे जो कि एकत्रीकरण,परिवहन,उपचार, सैप्टिज/ फीकल स्लज का निस्तारण ओर पुनः प्रयोग हो सके। इस प्रकार स्पष्ट दिशा निर्देश इस प्रोटोकाल के है कि राज्य के शहरी अधिकारियों को इस योग्य बनाया जायें कि वह अपने निकाय में सैप्टिज प्रबन्धन का उच्चीकरण कर सकें ओर परियोजना के पूर्ण विनियोग की पहचान कर सकें इस प्रोटोकाल के प्रभावी कियान्वयन के लिये ओर आन्तरिक विभागीय समन्वय हेतु एक ,,सेप्टज मैनेजमेन्ट सैल,, का गठन का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत नगर पंचायत केलाखेड़ा, पेयजल निगम, जल संस्थान होगें।

2–नगरीय उपकानून/फीकल स्लज एवं सेप्टेज का नियमितीकरण :– सेप्टेज प्रबन्ध प्रोटोकाल के अनुसार जो शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड सरकार के शा0सं0–597/(iv (2)– श0वि0–2017–50 (सा0)/16 दिनॉक 22–05–2017 एवं समस्त लागू होने वाले नियम या कानून या समय–2 पर शासन द्वारा संशोधित नियम या नियमावली नगर पंचायत केलाखेड़ा नियमित ढाचॉ को रिक्त करने,एकत्र करने,परिवहन और सेप्टेज और फिकल स्लज के परिवहन एवं निस्तारण हेतु जैसा कि वर्णित है। फिकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबन्धन उपनियम के अन्तर्गत जो कि यहॉ स्वीकृत किया जाता है और इसके अनुपालन हेतु नगर पंचायत केलाखेड़ा के क्षैत्राधिकार के अन्तर्गत सूचित किया जाता है।

3–उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र :– इस नियमावली के उद्वेश्य एव कार्य निम्नवत है:–

1– निर्माण सैप्टिक टैकं के दैनिक रखरखाव और शौचालय के गढढे परिवहन इलाज ओर सुरक्षित रखरखाब जो कि स्लेज ओर सेप्टेंज से सम्बन्धित है।

2–क्षैत्र के मालिक द्वारा जो कार्य किया जाना है उसको निर्देशित करना जो कि सैप्टिक टैकं ओर शौचालय के गढढे से ओर फिकल स्लज एवं सेप्टेज परिवहन से सम्बन्धित है ताकि वे इन निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित कर सकें।

3–उचित निरीक्षण करना और मशीनरी का अनुपालन ।

4–लागत वसूली सुनिश्चित करना जो कि स्लज और सेप्टेज प्रबन्धन के उचित प्रबन्ध हेतु है।

5–निजि और गैरसरकारी क्षैत्र फिकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबन्ध में सहभागी की सुविधा देना ।

4–एकत्रीकरण परिवहन इलाज ओर सैप्टिज के खुर्द–बुर्द हेतु एक प्रकिया अपनाना ।

4–(1)सैप्टिक टैकं ओर सैप्टज/ फीकल स्लज एकत्रीकरण को रिक्त करना :–

सैप्टिक टैकं की तली में जो जमा हो गया है, उसको हटाना और एक बार उसको ठीक करना जो कि गहराई में पहुँच गया है या बार–2 के आखिर में जो डिजायन हैं जो कोई भी पहले आये,

..जबकि स्लज को सुखाना ओर सेप्टिक टैकं में जो द्रव्य है उसको भी सुखाना/मैकेनिकल वैक्यूम टैकंर का उपयोग(जो नगर पंचायत केलाखेड़ा द्वारा उपलब्ध कराया जाता है)_नगरीय प्रबन्ध द्वारा सैप्टिक टैकं का खाली करने हेतु उपयोग किया जाना चाहिये।

...सुरक्षा प्रकिया जैसा कि सैप्टेज प्रबन्ध प्रोटोकाल में वर्णित है को सैप्टिक टैकं के खाली करते समय ओर सैप्टेज के परिवहन के समय इस नियम का सख्ती से पालन किया जाना चाहियें।

4(2)सैप्टेज/फिकल स्लज का परिवहन :–

1– फिकल स्लज ओर सैप्टज टान्सपोर्टर वाहन के सुरक्षित परिवहन हेतु उत्तरदायी होगें जैसा कि समय–2 पर सैप्टज मैनेजमेन्ट से (एस0एम0सी0) द्वारा स्वीकृत किये जायेगे।

(2)फिकल स्लज ओर सैप्टेज फिकल निर्माता यह आश्वासन देगें कि :–

(अ) पंजीकृत सग्रंह वाहन जिसके अन्तर्गत समस्त उपकरण जो कि परिवहन हेतु प्रयोग किये जायेगें फिकल स्लज ओर सैप्टिज हेतु जो छिद्र निरोधी होगा ओर फिकल स्लज ओर सैप्टज हेतु तालाबन्द रहेगा। ओर लागू किये जाने योग्य मानदण्ड का अनुपालन करेगें।

(ब)कोई भी टैंक ओर उपकरण जो कि फिकल स्लज ओर सैप्टज हेतु उपयोग में लाया जायेगा वह किसी अन्य वस्तु या द्रव्य को परिवहन हेतु प्रयुक्त नही करेगा।

4(3)सैप्टज का निष्पादन ओर इलाज–राज्य सैप्टज मैनेजमेन्ट प्रोटोकाल के अनुसार नगर पंचायत केलाखेड़ा की अपनी एक ईकाई होगी, जिसके अन्तर्गत प्रथक से एक अलग सैप्टेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निर्माण किया जायेगा ।

5– सुरक्षा उपाय :–

(1) उचित तकनीकि संयत्र सुरक्षा टियर का प्रयोग करते हुए मल का निस्तारण किया जाना चाहियें ।

(2)फिकल स्लज और सेप्टेज टान्सपोर्टर यह सुनिश्चित करें–

(अ)समस्त मल निस्तारण कर्मचारी उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सैफटीगेयर और यन्त्र जिसके अन्तर्गत कन्धे की लम्बाई तक पूरा कोटेड लियोक्रिन,लोयस,रबर बूट,चेहरे का मास्क,
ऑखों की सुरक्षा हेतु ग्लास या गोगल जैसा कि मेनुअर स्कैबेजंर ओर उनके पुर्नवास नियम 2013 में उल्लिखित है।

(ब)समस्त सुरक्षा उपकरण एकत्रीकरण क्षैत्र से पहले अपना लिया जायें।

(स)समस्त मल निस्तारण कार्यकर्ताओ को सुरक्षा गियर और स्वास्थयवर्धक उपकरण के प्रयोग की शिक्षा दी जानी चाहिये।

(द)प्रथम सहायता किट,गैस का पता करने वाला लैम्प ओर अग्निशमन यन्त्र मल निस्तारण गाडी में रखे जाते है,इससे पहले कि यह एकत्रीकरण क्षैत्र में जाता है।

(य)सैप्टिक टैकं पिट लैट्रिन में काम चल रहा है। उस समय धुमपान पुर्णतः वर्जित है।

(र)मल निस्तारण कार्यकर्ता सैप्टिक टैंक में ओर शौचालय गढढे में प्रवेश नही करेगें। ओर आच्छादित टैंक को आना जाना रखेगें जो कि इस कार्य का शुरू करने से पहले किया जाना आवश्यक है।

(ल) बच्चों को टैंक के ढक्कन अथवा किट से दूर रखा जायें ताकि वे टैकं के स्क्रू और ताले से सुरक्षित रहे, कर्मचारी सावधान रहेगें जब मल निस्तारण प्रकिया चल रही हो जो कि ढक्कन पर अधिक भार हेतु है। या मेन हाल का आच्छादन टूटने से बचा रहे।

6–सेप्टेज खाली करना ओर वाहन के पंजीकरण का परिवहन :–

6.1 नगर पंचायत केलाखेड़ा परिवहन वाहन को दर्ज करेगा ओर इसका लाईसेन्स निर्गत करेगा निजि व्यवसायीयों के लिये जिनके पास मशीनीकरण खाली करना और परिवहन गाडी उपलब्ध हो तो इस प्रकार का लाईसेन्स निर्गत करने से पूर्व यह आशान्वित करेगा यह वाहन उचित उपकरण ओर उचित सुरक्षा माप से सुसज्जित है। तथा मानकों के अनुरूप है सेप्टेज ट्रान्सपोर्टर को अपने वाहन का पंजीकरण कराने हेतु नगर पंचायत केलाखेड़ा के समक्ष अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसके साथ वाहन परमिट प्रपत्र व परमिट प्रपत्र की प्रति प्रार्थना पत्र के साथ सलंग्न करना होगा ।

6.2 नगर पंचायत केलाखेड़ा सीमान्तर्गत कोई भी व्यक्ति या वाहन पंजीकृत सेप्टेज ट्रान्सपोर्टर द्वारा ही [illegible] अनुमन्य है। जब तक

सारणी–1 पंजीकरण व्यय

अ–प्रारम्भिक पंजीकरण– रू0 2,000=00 प्रतिवाहन/गाडी

ब–वार्षिक नवीनीकरण– रू0 1,500=00 प्रतिवाहन/गाडी

स–नाम परिवर्तन/स्वामित्व का परिवर्तन – रू0 1,000=00 प्रतिवाहन/गाडी

द–अन्य संशोधन आवश्यकतानुसार – रू0 1,500=00 प्रतिवाहन/गाडी

(समस्त लागत दर 10 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढेगा)

7–उपभोक्ता लागत और इसका संचयः–

क0सं0	भवन का वर्ग	प्रति यात्रा लागत	किराये की अधिकतम अवधि जो सेप्टिक टैकं एवं शौचालय गढढे हेतु निर्धारित है।	मासिक दण्ड 1–5 की दर सामान्य लागत के लिये जो कि निर्धारित निस्तारण के अनुपालन हेतु होगा
1–	टीनशैड वाला मकान	1000=00	कम से कम 2–3 वर्ष मे एक बार जब 2 टैंक होते हे 2/3 भाग जो भी पहले भरा जाये कम से कम प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार ।	50=00
2–	अन्य समस्त मकान	2500=00		100=00
3–	दुकान	2500=00		125=00
4–	सरकारी/निजि कार्यालय	2000=00		250=00
5–	बैकं	3500=00		350=00
6–	सामुदायिक शौचालय/मूत्रालय	3000=00		500=00
7–	रेस्टोरेन्ट	2000=00		500=00
8–	होटल/गेस्ट हाउस (1–10 कमरे)	3500=00		250=00
9–	धर्मशाला(1–25 कमरे)	3500=00		625=00
10–	सकारी स्कूल/कालेज	2000=00		1000=00
11–	निजि स्कूल/कालेज	2500=00		500=00
12–	20 व्हीलर व्हीकल शौरूम	2000=00		625=00
13–	विवाह हाल/बैकंट हाल	3500=00		1100=00
14–	वार	3500=00		625=00
15–	सरकारी हास्पिटल	3000=00		625=00
16–	नर्सिंग होम/क्लीनिक	3000=00		500=00
17–	पैथोलाजी लैब	3000=00		500=00
18–	निजी अस्पताल 20 बैड तक	3500=00		500=00
19–	चावल मिल/अन्य मिल	3500=00		1750=00

7.1 इस क्षैत्र के समस्त मालिक जो सेप्टिक टैकं और शौचालय के गढढे जिसका भुगतान उपभोक्ता करेगा जैसा कि नगर पंचायत केलाखेड़ा में फीकल स्लज और सैप्टज उपनियम में समय–2 पर दर्शाया गया है। जो कि सेप्टिक टैकं के भरने शौचालय के गढढे,परिवहन और फिकल स्लज एवं सैप्टेज के उपाय हेतु है।

7.2 नगर पंचायत केलाखेड़ा अपनी लागत से संशोधित करेगा जो कि समय–2 इससे सम्बन्धित है। ऐसी उपयोगिता लागत परिवहन फिकल स्लज व सैप्टेज के निष्कासन हेतु है।

7.3 उपभौक्ता लागत क्षैत्र विशेष के स्थायी एकत्र किये जायें जो निम्नवत है।

(अ)–उपभोक्ता लागत प्रत्यक्ष प्रत्येक रूप से नगर पंचायत केलाखेड़ा द्वारा वसूल किया जायेगा या नगर पंचायत केलाखेड़ा के कोष में जमा किया जायेगा। जो कि सम्बन्धित भवन/सैप्टिक टैंक मालिक से वसूल किया जायेगा।

(ब)–उपभोक्ता लागत को मासिक सिंचाई लागत या सम्पत्ति कर में जोड़ा जायेगा अथवा एक विशेष

सारणी–2 उपभोक्ता लागत

नोट–: उपरोक्त उपभोक्ता व्यय सांकेतिक है, और उनका निर्णय और स्वीकृति नगर पंचायत केलखेड़ा द्वारा निर्गत किये जायेगें।
2–मल निस्तारण समयावधि में होगा,या जब टैकं 2/3 की आपूर्ति कर देता है। (जैसा कि नगर पंचायत केलाखेड़ा द्वारा स्वीकृत है)
3–उपभोक्ता लागत 5 प्रतिशत वार्षिक दर से बढाई जायेगी।

8–मैकेनिजम का निरीक्षण,क्रियान्वयन और मजबूती देना :–

8.1 कोई भी व्यक्ति जो कि एस0एम0सी0 (सैप्टिक मैनेजमेन्ट सेल)/नगर पंचायत केलखेड़ा द्वारा अधीकृत है उसको पूर्ण अधिकार होगा कि वह सैप्टिक टैकं एवं हर एक मकान के शौचालय,गढढे या सामुदायिक/संस्थागत आदि का निरीक्षण करेगा।
8.2 मल निस्तारण का अनुपालन न करना जैसा कि उपरोक्त वर्णित है जुर्माना अलग से लगाया जायेगा और जुर्माना से प्राप्त धनराशि नगर पचांयत कोष में जमा होगी ।
8.3 नगर पंचायत केलाखेड़ा, क्षैत्र के टैंक के खाली होने का अभिलेख रखेगें।
8.4 अवचेतना कार्यकम समय–2 पर चलाया जायेगा जो कि प्रत्येक व्यक्ति सरकार या निजि व्यवसाय के प्रशिक्षण हेतु होगी। जो कि सैप्टिक टैकं, बायोडाईजस्टर मल निस्तारण सैप्टिक टैकं का एकत्रीकरण,मशीनरी,परिवहन निष्पादन और सेप्टज का ईलाज।

9–दण्ड:–

दण्ड का ढाचॉ उपकरण रहित/अकार्यशील जी0पी0एस0 प्रणाली निर्धन वर्ग की शिकायतें फिकल स्लज का एकत्र न करना और सैप्टज ईलाज प्लान्ट का/आर0एन0एल0 का रजिस्टैशन न करना सुरक्षित उपाय मल निस्तारण गाडियों को अनुपालन न करना ।

सारणी–3 दण्ड

क0 सं0	शिकायत का प्रकार	दण्ड या कार्यवाही प्रपत्र दृष्टया पकडी गई वर्ष में एकवार मल निस्तारण वाहन	दण्ड या कार्यवाही वर्ष में दोबारा पकडी गयी मल निस्तारण वाहन से सम्बन्धित	दण्ड या कार्यवाही वर्ष में तीसरे वार पकडी गयी विशेष रूप से मूल निस्तारण वाहन
1–	लोगों की सोचनीय सेवा की शिकायत	2500=00	5000=00	तीन महीने के लिये परमिट सेवा की शिकायत पर परमिट का निरस्तीकरण।
2–	सेप्टेज/फीकल स्लज जैसा कि विशेष कार्य क्षैत्र में	1000=00	6माह के लिये परमिट को स्थगित करना।	
3–	पंजीकरण न करना/पंजीकरण का नवीनीकरण न करना ।	1000=00	2000=00	आर0 टी0 ओ0 को संस्तुति वाहन के पंजीकरण को निरस्त करने हेतु 3 महीने के लिये परमिट को स्थगितकरना/परमिट का निरस्तीकरण के लिये स्थगित करना।

शास्ति/दण्ड

नगर पंचायत केलाखेड़ा (ऊधमसिंहनगर) की सीमान्तर्गत "प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट" के अनुपालन हेतु माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा आवेदन सं0–10/2015 दिनॉक 10–12–2015 के आदेश के अनुपालन में तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) में प्रदत्त अधिकार एवं शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऐसे नगरवासी जो प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट की उपविधि की किसी भी धारा का उल्लंघन करेगा अथवा करता हुआ पाया जायेगा, दोष सिद्व पाये जाने पर रू0 5,000=00(पॉच हजार) का अर्थदण्ड किया जायेगा उल्लघंन निरन्तर जारी रहा तो प्रथम दोष सिद्व होने की स्थिति में रू0 5,000=00 (पॉच हजार) के अतिरिक्त प्रतिदिन रू0 100=00 (एक सौ) की दर से अतिरिक्त अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा। अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्व न्यायालय में वाद दायर किया जायेगा। उस पर होने वाले समस्त व्ययभार हर्जे–खर्चे की वसूली भू–राजस्व की भॉति वसूल की जायेगी। विवाद होने की स्थिति में न्यायालय क्षैत्र जिला– उधमसिहनगर होगा ।

कुलदीप सिंह,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत केलाखेड़ा,
(ऊधमसिंहनगर)

राकेश चन्द्र तिवारी,
प्रशासक,
नगर पंचायत केलाखेड़ा,
(ऊधमसिंहनगर)

कार्यालय नगर पंचायत चौखुटिया अल्मोडा

लाईसेन्स नियमावली

14 मार्च, 2022 ई0

पत्रांक–344/न0पं0चौखुटिया/गजट/2021–22–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत चौखुटिया जनपद अल्मोडा ने नगर पालिका/नगर पंचायत एक्त संसोधित 1994 की धारा–298 की सूची जे0ए0बी0सी0 के अधिन अपनी सीमान्तर्गत वाणिज्य व्यवसाय व्यवस्थां हेतु लाईसेन्स के उपनियम जो कि शासनादेश सं0 2399/नौ–9–94–204 जनरल/94 दिनांक 27/10/94 नगर विकास अनुभाग–9 के द्वारा निर्देशित जिन्हे शा0 2806/नौ–8–1994–204 (जनरल) 90 दिनांक 31/12/94 तथा शासनादेश सं0 1847/नौ–9–97–23 ज–97 दिनांक 09 जून 1997 द्वारा अन्तिम माना गया है तहत निम्नलिखित उपनियम बनाये गये है यह उपनियम शासकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि से नगर पंचायत चौखुटिया की सीमा में लागू एवं प्रभावी होंगे। धारा–301 (2) के प्रयोजनार्थ प्रकाशन किया जा रहा है उन व्यक्तियों जिन पर इसका प्रभाव पडने की सम्भावना है इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अध्यक्ष, नगर पंचायत चौखुटिया (अल्मोडा) के नाम इस कार्यालय में लिखित आपत्ति एवं सुझाव प्रस्तुत किये जा सकते है। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

परिभाषाः–

1. यह उपनियम नगर पंचायत चौखुटिया अल्मोड़ा के विधिव्यासाय लाइसेंस उपनियम कहलाये जाऐगे। जो नगर पंचायत चौखुटिया की सीमाकंन प्रभावी एंवं लागू होंगे।
   (क) नगर पंचायत चौखुटिया का तात्पर्य नगर पंचायत चौखुटिया से है।
   (ख) अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत चौखुटिया से है।
   (ग) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चौखुटिया से है।
2. कोई भी व्यक्ति/संस्था/व्यवसायी संस्था नगर पंचायत सीमान्तर्गत अनुसूची में दिये गये व्यवसाय को नहीं कर सकेगा जब तक कि उसने सम्बन्धित व्यवसाय का लाईसेन्स प्राप्त नहीं कर लेगा।
3. इन उपनियमों के अधीन 'अधिशासी अधिकारी' नगर पंचायत चौखुटिया या उनके द्वारा नामित कर्मचारी लाईसेन्स अधिकारी होंगे।
4. लाईसेन्स का निर्धारित शुल्क नगर पंचायत चौखुटिया के कार्यालय मे जमा करने पर प्रतिवर्ष अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में बनवाया जा सकेगा।
5. लाईसेन्स स्वीकृत/प्राप्ति हेतु प्रत्येक व्यवसायिक संस्था या व्यक्ति को अनुसूची के अनुरूप व्यवसाय करने वाले को लाईसेन्स प्राप्त करने के लिये अनिवार्य होगा कि वह प्रत्येक वर्ष मार्च के 31 वे दिन तक अपना आवेदन पत्र निकाय कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।
6. यह कि लाईसेन्स जो नियम के अनुरूप निर्गत किया जायेगा कि अवधि प्रत्येक वित्तीय वर्ष तक अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य तक प्रभावित रहेगी।

7. यह कि यदि कोई व्यक्ति जो किसी छुत की विमारी या संक्रामक रोग से पीडित हो तो सूची में वर्णितय व्यवसाय को नही करेगा। न ही कोई ऐसे व्यक्ति को अपने व्यवसाय में लगायेगा और न ही रख सकेगा।
8. यह की सूची में निर्दिष्ट के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति संस्था या व्यवसाय में संलग्न है या कर रह है को उसके अनुरूप सफाई धूल के कण हानिकारक कीटाणु आदि से बचाव के लिये स्वयं के स्तर से व्यवसाय करना होगा।
9. यह कि इन उपनियमों में वर्णित व्यवस्था सम्बन्धी कोई भी अनसूची के व्यवसाय सम्बन्धी पूर्व में यदि कोई भी उपनियम होंगे तो वह इन उपनियमों के गजट में प्रकाशन की तिथि से स्वतः रद्द हो जायेंगे, और उनके स्थान पर यह उपनियम प्रभावी होंगे।
10. यह कि लाईसेन्स धारक व्यक्ति संस्था या संस्थान इन उपनियमों में वर्णित किसी भी अंश के उलंघन पर लाईसेन्स अधिकारी जैसा कि निर्दिष्ट है को लाईसेन्स निरस्त करने का अधिकार होगा। किन्तु प्रतिबन्ध यह होगा कि वह व्यक्त संस्था या संस्थान द्वारा ऐसे आदेश की प्राप्ति के 10 दिन के भीतर अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत चौखुटिया के समक्ष स्वयं उपस्थित हो अपील कर सकेगा। जों अवधि बाद प्रभावी नहीं होगी।
11. अधिशासी अधिकारी द्वारां नामित या इंगित कर्मचारी जो इस कार्य हेतु प्रधिकृत किया जाय जो किसी भी समय इन उपनियमों के अधिन निरीक्षण करने का अधिकार होगा कि वे निरीक्षण प्राप्त का हानिकारक अथवा मानव अनुपयोगी पदार्थ जो कि मानव जीवन के लिये घातक हों उन पदार्थो को तत्काल नष्ट कर सकेगा।
12. लाईसेन्स हेतु प्रार्थना –पत्र तभी स्वीकार किया जायेगा जबकि उक्त व्यक्ति संस्था तथा व्यवसायी निर्धारित शुल्क की राशि नगर पंचायत चौखुटिया के कार्यालय में प्राप्त करा दी गई हो।
13. यदि कोई लाईसैंसदार अपने व्यवसाय का लाईसैंस एक अप्रेल से 30 अप्रेल तक नही बनाता है तो उसके पश्चात लाईसैंस की धनराशि पर प्रतिदिन रू. 10/– विलम्ब शुल्क देना होगा।
14. जो शुल्क इस पालिका में नही है उनके अतिरिक्त अन्य शुल्क नगर पंचायत चौखुटिया की सीमा के अन्दर लगने वाले मेले में अस्थायी व्यवसाय हेतु अस्थाई लाईसैंस दिये जायेंगे जिनका मूल्याकंन सूची में दिये गये व्यवसाय की दरों के आधार पर किया जायेगा और जो व्यवसाय सूची में नही है उनके लाईसैंस की दरे नगर पंचायत बोर्ड द्वारा तय/निर्धारित की जायेंगी।
15. नगर पंचारयत अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा अधिकृत कर्मचारी किसी भी समय किसी भी व्यवसाय/दुकान के लाईसैंस का निरीक्षण कर सकते है तथा प्रत्येक दुकान के अन्दर आवश्यक स्थिति में प्रवेश करने के लिये अधिकृत होंगे।
16. नगर पंचायत चौखुटिया अपनी सीमा के अन्तर्गत विभिन्न व्यवसाय करने वाले दुकानदारों के स्वामियों आदि का एक रजिस्टर बनाया जायेगा तथा उसी के आधार पर वार्षिक लाईसैंस निर्धारित प्रपत्र पर जारी किया जायेग। यदि कोई व्यक्ति अथवा लाईसैंसदार निर्धारित अवधि में लाईसैंस की धनराशि नगर पंचायत कार्यालय चौखुटिया में जमा नही करता है या चूक करता है तो उसे लाईसैंस की धनराशि वसूली हेतु नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 173(क) के अन्तर्गत जिला अधिकारी महोदय को वसूली प्रमाणं पत्र प्रेषित कर–भू–राजस्व के बकाया के

रूप में प्रतिदिन रू. 10/ विलम्ब शुल्क सहित वसूल करने का अधिकार नगर पंचायत चौखुटिया को होगा।

क्रं0 सं0	मद का नाम	निर्धारित लाईसैंस शुल्क
01	होटल व रेस्टोरन्ट	1000.00
02	बारतघर मैरिज हाल गेस्ट हाउस, मुसाफिरखाना	1000.00
03	10 शैया तक	
04	11 शैया से 20 तक	1000.00
05	21 शैया से 30 तक	1200.00
06	31 शैया से 40 तक	1400.00
07	41 शैया से 50 तक	1600.00
08	3 सितारा होटल सुविधा युक्त	5000.00
09	रेस्टोरेन्ट	500.00
10	मिठाई की दुकान	300.00
11	मिठाई चाय–चाट इत्यादि	300.00
12	सिर्फ चाय	150.00
13	चाय के साथ चाय बिस्कुट आदि	100.00
14	बारबर की दुकान 1 से 3 सीट तक	400.00
15	बारबर की दुकान 4 से ऊपर	500.00
16	आटा दाल चावल आदि के थोक विक्रेता	500.00
17	फुटकर विक्रेता	300.00
18	सब्जी के थोक विक्रेता	300.00
19	सब्जी विक्रेता फुटकर	200.00
20	एक्सरे क्लीनिक	200.00
21	पैथोलॉजी	300.00
22	प्राईवेट क्लीनिक	500.00
23	नर्सिंग होम	500.00
24	थोक दवा विक्रेता	500.00
25	फुटकर दवा विक्रेता	200.00
26	कबाडी (थोक)	300.00
27	कबाडी (फुटकर)	200.00
28	आईसक्रीम फैक्ट्री	200.00
29	आईसक्रीम फुटकर विक्रेता	100.00
30	जनरल स्टोर थोक	500.00
31	जनरल स्टोर फुटकर	200.00
32	शराब विदेशी	25000.00
33	शराब देशी	15000.00
34	बार	5000.00
35	मानचित्रकार (आई.टी.आई.सिविल डिप्लोमा)	2500.00
36	भूकम्प अवरोधी इन्जीनियर	2500.00
37	बकरा मीट लाईसैंस शुल्क	800.00
38	सूअर/भैंसा मीट लाईसैंस शुल्क	1000.00

39	मुर्गा/मछली मीट लाईसैंस शुल्क	800.00
40	बैण्ड मास्टर	200.00
41	पशु वधशाला	500.00
42	1 बकरा प्रति	50.00
43	2 भैंसा प्रति	100.00
44	3 सुअर प्रति	100.00
45	नगर क्षेत्र के अन्दर काम करने वाले राज मिस्त्री ठेकेदार	200.00
46	नगर क्षेत्र के अन्दर काम करने वाले करपेन्टर	200.00
47	आरा मशीन	500.00
48	ग्रिल वर्कशाप	500.00
49	आटो मोबाईल/वर्कशाप	500.00
50	पेन्ट/हार्डवेयर	500.00
51	मोबाईल/दूर संचार टावर	2000.00
52	दुग्ध व्यवसायी	150.00
53	सिमेन्ट सरिया तथा रेता व्यवसायी	300.00
54	टैन्ट हाउस	300.00
55	मनोरंजन गृह	500.00
56	केबिल	500.00
57	इलैक्ट्रिकल्स/टी.बी. विक्रेता	300.00
58	पान व्यवसाय	150.00
59	पेट्रोल पम्प	2000.00
60	नगर क्षेत्र के अन्तर्गत फेरी व्यवसाय करने वालें	100.00
61	कपडे एंव फुटकर सामानों की सेल लगाने वाले पर	100.00
62	फर्नीचर आदि पर	200.00
63	ब्रेकरी	200.00
64	ब्यूटी पार्लर	200.00
65	कपडा विक्रेता	200.00
66	नेपाली/मजदूर को जारी टोकन	100.00
67	सडक किनारे सामान/अन्य निर्माण सामग्री रखने वाले को	50.00 प्रतिदिन

ह0 (अस्पष्ट)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत चौखुटिया,
अल्मोडा।

ह0 (अस्पष्ट)
प्रशासक/उपजिलाधिकारी,
नगर पंचायत द्वाराहाट,
अल्मोडा।

कार्यालय नगर पंचायत चौखुटिया जनपद अल्मोडा

तहबज़ारी नियमावली

14 मार्च, 2022 ई0

पत्रांक–344/न0पं0चौखुटिया/गजट/2021–22–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासन के पत्र सं0 1071/30–1(2009–10) उत्तराखण्ड शासन द्वारा अंगीकृत उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 296 (2) लिस्ट–1 ई(जी) अन्तर्गत नगर पंचायत चौखुटिया सीमा के अन्दर तहबाजारी की व्यवस्था हेतु निम्नलिखित नियम बनाये गये है। यह उपनियम गजट में प्रकाशन की तिथि से नगर पंचायत चौखुटिया की सीमा में लागू होंगे। उन व्यक्तियो जिस पर इसका प्रभाव पडने की सम्भावना है इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अध्यक्ष, नगर पंचायत चौखुटिया (अल्मोडा) के नाम से इस कार्यालय में लिखित आपत्ति एवं सुझाव प्रस्तुत किये जा सकते है। नियम अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1–नियमावली–

(क) यह नियमावली तहबजारी नियमावली नगर पंचायत चौखुटिया के नाम से प्रकाशित की जायेगी।

(ख) इस नियमावली का विस्तार नगर पंचायत चौखुटिया के सम्पूर्ण सीमा कोड में होगा।

(ग) गजट में प्रकाशित होने के दिनांक मे प्रभावी होगा।

2– परिभाषाः–

(क) नगर पंचायत चौखुटिया का तात्पर्य नगर पंचायत चौखुटिया से है।

(ख) अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत चौखुटिया से है।

(ग) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चौखुटिया से है

3–उपनियम–

इन उपनियमों से निर्धारित स्थानों तथा उपनियमों की सूची में वर्णित तहबजारी की दरो के अनुसार भुगतान करने के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति अन्य किसी सार्वजनिक स्थान सडक,सडक पट्टी तथा नालियों पर कोई सामान बेचने के लिये नही रखेगा, न कोई अस्थायी डेस्क या स्टाल ही लगायेगा न किसी जानवर या गाडी को व्यवसायिक उद्देश्य से खडा करेगा न किसी प्रकार के मोटर गाडी मोटर साईकिल या अन्य वाहनों की मरम्मत या निर्माण या मंगर (बाडी) की मरम्मत करेगा न उन्हे खडा करेगा।

नोट–

1. किसी गाडी अथवा मोटर गाडी के लिये जो नाल भरने या उतारने के उद्देश्य से खडी हो तहबजारी नही ली जायेगी बर्शते की एक घण्टे के अन्दर माल भरा या उतार दिया जाये। अन्यथा नगर पालिका उपनियम 1916 की धारा 265 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
2. जब भी तहबाजारी की वसूली लागू की जाय प्रत्येक ऐसा व्यक्ति जिससे तहबाजारी देय होती हो तहबाजारी की वसूली हेतु नगर पंचायत द्वारा नियुक्त कर्मचारी की मांग करने पर तुरन्त तहबाजारी अदा करेगा ।
3. इन नियमों के अनुसार लगायी गई तहबाजारी को वसूल करने वाला व्यक्ति पारूप एम0एम0सी0बी0–/100 में रसीद प्रतिपूर्णो के बनायेगा। और रसीद को कूपन सहित

पुनः जारी की जायेगी और न ही रसीद को उनमें निर्दिष्ट अवधि के उपरान्त पुनः पृष्ठांकित किया जायेगा।

4. रसिदों का कुलीम योग प्रत्येक पृष्ठ के प्रतिपूर्ण के अन्त में निर्धारित स्थान पर अंकित किया जायेगा।

5. जब कभी भी नगर पंचायत के किसी सदस्य अथवा किसी अधिकारी द्वारा जो कि रसीद की जांच करने के लिये नियुक्त हो रसीद की मांग की जावे टिकट धारी व्यक्ति को उन्हे रसीद देनी होगी।

6. ऐसा अधिकारी जिस प्रकार भी आवश्यक समझे टिकट का निरीक्षण करेगा और रसीद के कूपन को भरकर प्रतिपूर्ण से गिलान के लिये अपने पास रख लेगा और रसीदो को अपने हस्ताक्षर करने उपरान्त टिकटधारी व्यक्ति को लौटा देगा।

7. कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत द्वारा नियत स्थान के अतिरिक्त किसी सार्वजनिक स्थान सडक या गली में विकी के उद्देश्य के घास–फूस तथा लकडी टिन इत्यादि नही रखेगा।

8. कोई व्यक्ति सार्वजनिक निर्माण विभाग से सम्बन्धित किसी भी स्थान पर बिना उनसे स्वीकृति प्राप्त किये कोई डेस्क नही लगायेगा।

9. कोई भी व्यक्ति अस्थाई रूप से डैस्क लगाने हेतु जमीन पैमाईशी 2.5 मी. X 2.5 मी (मय झाप आदि के) से अधिक का अभिधारण नही करेगा।

10. कोई भी व्यक्ति हितचिन्तक भवन चौराहे के अतिरिक्त किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पशु/अन्य कोई सामग्री विक्रय नही करेगा।

11. देय तहबजारी की अदायगी न करने के फलस्वरूप यदि तहबाजारी की वसूली कार्यालय में की जाये तो अधिशासी अधिकारी पर निहित होगा कि से सूची में निर्धारित दर से अधिक अधिक रकम वसूल करने का निर्देश दें।

12. जब तक कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारीसे लिखित अनुमति न ली गई हो कोई भी व्यक्ति नगर सिमा के अन्दर किसी भी स्थान पर अस्थाई डैस्क नही रखेगा।

13. यदि उपनियम 12 के अन्तर्गत अनुमति प्राप्त कर ली गई तो प्रार्थी नगर पंचायत द्वारा निर्धारित आकार प्रकार नाप तथा रेशों के अनुसार डैस्क बनायेगा इस सम्बन्ध में दिये गये निर्देशों का अनुपालन न करने पर अनुमति रद्द करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पंचायत में निहित होगा।

तहबाजारीदरों की सूची

क्र0स0	विवरण	दर
01	हल्दी,मिर्च,आलू,लाही,रूई तथा गुड और प्रत्येक प्रकार की फल सब्जियों अनाज या किराना	प्रतिडेस्क या स्थान 2.5 फिटX2.5 फिट से कम रू. 25.00 प्रतिदिन
02	.....तदैव.....	प्रतिडेस्क या स्थान 5.00 फिटX5.00 फिट तक रू. 35.00 प्रतिदिन
03	व्यवसायिक उद्देश्य से खुली सरकारी भूमि का अभिधारण पैमायशी 3 मी.X 3 मी.या 9 वर्ग मी.तक	50.00 रूपया प्रतिदिन
04	अस्थाई लकडी का डैस्क 3मीX3मी या 9 वर्ग मी.	50.00 रूपया प्रतिदिन
05	खोम्चा	50.00 रूपया प्रतिदिन
06	हिडौला या चरखा	25.00 रूपया प्रतिदिन
07	सरकस या संगीत	50.00 रूपया प्रतिदिन

08	प्रचारको द्वारा जडी–बूटी या दवाईयों की बिकी	20.00 रूपया प्रतिदिन
09	घोडा खच्चर गाय–बैल को विकय करने हेतु प्रदर्शित करने पर	50.00 रूपया प्रतिदिन
10	भेड बकरी को विकय करने हेतु प्रदर्शित करने पर	30.00 रूपया प्रतिदिन
11	घी एंव वनस्पति उत्पाद विकय करने पर प्रदर्शनी	20.00 रूपया प्रतिदिन
12	प्लास्टिक उत्पाद विकय हेतु प्रदर्शित करने पर	20.00 रूपया प्रतिदिन
13	फड खुली नजूल/सरकारी भूमि पर	20.00 रूपया प्रतिदिन
14	मोची के फड	20.00 रूपया प्रतिदिन
15	निलामी द्वारा किसी वस्तु का विकय	20.00 रूपया प्रतिदिन
16	भाषणों द्वारा ग्राहक को आमंत्रित कर मजमा लगाकर किसी वस्तु का विकय या व्यापार	20.00 रूपया प्रतिदिन
17	ट्रक,बस आदि बडे वाहनो को सडक के किनारे खडे करने पर	50.00 रूपया प्रतिदिन
18	कार,स्कूटर मोटर साईकिल को सडक के किनारे खडे करने पर	20.00 रूपया प्रतिदिन
19	घास–भूसा जलाने वाली लकडी की विकी पर	20.00 रूपया प्रतिदिन
20	अन्य किसी भी प्रकार की वस्तु/व्यवसाय पर	20.00 रूपया प्रतिदिन

दण्ड

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये नगर पंचायत चौखुटिया यह निर्देशित करती है कि उपरोक्त उपनियमों में से किसी भी उपनियम 1,2,5,7,8,10 तथा 12 का उल्लघंन अधिकतम अर्थ दण्ड रू0 2000.00 तक होगा। तथा दोष सिद्ध होने के उपरान्त उसी अपराध की पुनरावृत्ति करने पर रू0 50/– प्रतिदिन से दण्डनीय होगा।

विजय सिंह कनवासी,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत चौखुटिया।

जयवर्धन शर्मा,
प्रशासक/उपजिलाधिकारी,
द्वाराहाट, अल्मोडा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग (चमोली)

21 अक्टूबर, 2021 ई0

पत्रांक–353/न0पा0परि0/ग0नो0/2021–2022–नगर पालिका परिषद, कर्णप्रयाग (चमोली) सीमान्तर्गत **उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–298 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) की उपधारा–2 खण्ड–(ज) (च)** के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका परिषद, कर्णप्रयाग (चमोली) द्वारा नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–128 की उपधारा–1(ii)(iii) अन्तर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुये **"फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधकीय उपनियम–2020"** बनायी जाती हैं, जो **नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–301(1)** के अन्तर्गत जनसामान्य एवं जिन पर इस उपविधि का प्रभाव पड़ने वाला हो, उनसे आपत्ति एवं सुझाव हेतु प्रकाशित की जा रही हैं।

अतः समाचार पत्र में उपविधि के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर लिखित सुझाव एवं आपत्तियाँ अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद-कर्णप्रयाग (चमोली) को प्रेषित की जा सकेगी। वाद मियाद प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अध्याय-1

सामान्य

1. संक्षिप्त नाम और लागू होने की तारीख:

(1) **ये उप-नियम नगर पालिका परिषद, कर्णप्रयाग (चमोली) फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधकीय उपनियम-2020 कहलाऐगा।**

(2) ये उप-नियम नगर पालिका परिषद, कर्णप्रयाग (चमोली) के सरकारी गजट उत्तराखण्ड में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावी होंगे।

2. ये उप-नियम नगर पालिका परिषद, कर्णप्रयाग (चमोली) की सीमाओं के भीतर लागू होंगे।

1. **प्रसंगः फीकल**

देश का विगत अनुभव दिखाता है कि सेप्टिक टैंक और अवधीय जो डिजाइन से संबन्धित है स्थानीय संस्थाओ द्वारा वर्षो से अनुपालन किया जा रहा है वह इस समय सोचनीय प्रबंध मे है। यह महत्वपूर्ण है कि एक उचित वैज्ञानिक प्रबंध इन मामलों में/सेप्टेज का अनुपालन किया जाये ताकि सेप्टेज/ फीकल स्लज सेप्टिक टैंक, गड्ढे, शौचालय, से पर्यावरण, नदी एवं अन्य पानी के स्रोत प्रदूषित न हो सके ।

1.1 राष्ट्रीय फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधकीय नीतिः

इस पहलू को संबोधित करने हेतु शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार ने एक फार्मूला प्रकाशित किया है। "राष्ट्रीय फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंध नीति" वर्ष 2017 मे इस दृष्टिकोण के साथ कि समस्त भारतीय शहर और नगर पूर्णरूप स्वच्छ, तंदुरूस्त और जीवित बने रहे और अच्छी सफाई भी बनी रहे। जिसके साथ उन्नत स्वच्छता सेवा ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन, ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य स्तर को अधिकतम प्राप्त किया जा सके और स्वच्छ वातावरण बना रहे , जिसमे गरीबो पर ध्यान केन्द्रित किया जाए।

स्थल शहरी नीति का मुख्य उद्देश्य एक प्रसन्न, प्राथमिकता और दिशा निर्धारित करनी है, ताकि राष्ट्रव्यापी अनुपालन इन सेवाओं का समस्त क्षेत्र मे हो सके जैसे कि सुरक्षित और स्थायी सफाई व्यवस्था, एक वास्तविक प्रत्येक परिवार के लिए गलियो मे नगर और शहरो मे बनी रह सके ।

1.2 उत्तराखंड में सेप्टेज प्रबंध प्रोटोकालः

आदरणीय एन0जी0टी0 आदेश संख्या 10/2005 दिनाक 10.12.2015 मे निम्न निर्देश निर्गत किये है, जो कि उत्तराखण्ड मे सेप्टेज प्रबंध से संबन्धित है। 'उचित प्रबंध योजना या प्रोटोकाल तैयार किया जाएगा और राज्य द्वारा तथा समस्त ऐजेंसी द्वारा सूचित किया जायेगा । यह आशान्वित करने के लिए कि सीवरेज की निकासी जो

अनुपालन मे और जल आपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम 1975/ नगर पालिका अधिनियम 1916 शहरी विकास निदेशालय जो कि उत्तराखंड जल संस्थान के समन्वय से होगा, इसके लिये **प्रोटोकोल सेप्टेज प्रबंध** तैयार किया है जो कि सचिव शहरी विकास विभाग उत्तराखंड सरकार द्वारा सूचित किया गया है, ताकि इसका अनुपालन शहरों/नगरों में हो सके-आदेश सं0 597/ 4(2)-यू0डी0-2017-50/16, दि0 22.05.2017 राज्य का सेप्टेज प्रबंध बना रहे, जो कि एकत्रीकरण, परिवहन, इलाज, सेप्टेज/फीकल स्लज का निस्तारण और पुनः प्रयोग हो सके। स्पष्ट दिशा -निर्देश इस इस प्रोटोकोल के है कि राज्य शहरी अधिकारियों को इस योग्य बनाया जाये कि वे अपने सेप्टेज प्रबंध का उच्चीकरण कर सके और परियोजना के पूर्ण विनियोग की पहचान कर सके । इस प्रोटोकाल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए और आंतरिक विभागीय समन्वय हेतु एक सेप्टेज मैनेजमेंट सेल का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग , जल निगम, जल संस्थान होंगे।

2. **नगरीय उपकानून/फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंध का नियमितिकरणः**

सेप्टेज प्रबंध प्रोटोकोल के अनुसार जो कि शहरी विकास विभाग उत्तराखंड सरकार के शा0 स0 597/ IV(2) श0 वि0-2017-50 (सा0)/16 दि0 22-05-2017 एवं श0वि0 समस्त लागू होने योग्य नियम कानून या नियमावली नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग (चमोली) के नियमित ढांचा रिक्त करने, एकत्र करने परिवहन और सेप्टेज/फीकल स्लज के परिवहन एवं निस्तारण हेतु जैसा कि संदर्भित है। फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंध उपनियम के अंतर्गत, जो कि यहां स्वीकृत किया जाता है और इसके अनुपालन हेतु नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग (चमोली) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सूचित किया जाता है।

3. उद्धेश्य एवं कार्यक्षेत्रः

नियमावली के उद्धेश्य एवं कार्यक्षेत्र निम्नवत हैः

1. निर्माण, सेप्टिक टैंक के दैनिक रखरखाव और शौचालय के गढ्ढे, परिवहन, इलाज और सुरक्षित रखरखाव, जो कि सलज और सेप्टेज से सम्बन्धित है।
2. क्षेत्र के मालिक द्वारा जो कार्य किया जाना है, उसको निर्देशित करना जो कि सेप्टिक टैंक और शौचालय के गड्ढे से और फीकल स्लज एवं सेप्टेज परिवहन से सम्बन्धित है, ताकि वे इन निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कर सके।
3. उचित निरीक्षण प्रदान करना और मशीनरी का अनुपालन।
4. लागत वसूली सुनिश्चित करना जो कि स्लज के और सेप्टेज प्रबंध के उचित प्रबंध हेतु है।
5. निजी और गैर सरकारी क्षेत्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंध में सहभागी की सुविधा देना।

4. **एकत्रीकरण, परिवहन, इलाज और सेप्टेज के खुर्द-बुर्द हेतु एक प्रक्रिया अपनानाः**

4.1 **सेप्टिक टैंक और सेप्टेज/फीकल स्लज एकत्रीकरण को रिक्त करनाः**

सेप्टिक टैंक की तली में जो जमा हो गया है, उसको कटाना और एक बार उसको ठीक करना, जो कि गहराई में पंहुच गया है या बारंबार के आखिर में जो डिजाइन है, जो कोई भी पहले आवे।

- जबकि सलज को सुखाना और सेप्टिक टैंक में जो द्रव्य है, उसको भी सुखाना। मैकेनिकल वेक्यूम टैंकर का भी उपयोग नगरीय अधिकारियों द्वारा सेप्टिक टैंक को खाली करने हेतु उपयोग किया जाना चाहिए।
- सुरक्षा प्रक्रिया जैसा कि सेप्टेज प्रबंध प्रोटोकोल में वर्णित है, को सेप्टिक टैंक के खाली करते समय और सेप्टेज के परिवहन के समय इस नियम का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

4.2 सेप्टेज/फीकल स्लज का परिवहनः

1. फीकल स्लज और सेप्टेज ट्रांसपोर्टर वाहन के सुरक्षित परिवहन हेतु उत्तरदायी होंगे। जैसा कि समय-समय पर एस0एम0सी0 द्वारा स्वीकृत किये जायेंगें।

2. फीकल स्लज और सेप्टेज परिवहन निर्माता यह आश्वासन देंगे किः

अ. पंजीकृत संग्रह वाहन जिसके अंतर्गत समस्त उपकरण जो कि फीकल स्लज और सेप्टेज हेतु इस्तेमाल किये जायेगें छिद्र निरोधी होगा और सुरक्षा हेतु ताला बंद रहेगा और मानदंड का अनुपालन करेंगे।

ब. कोई भी टैंक और उपकरण जो फीकल स्लज और सेप्टेज हेतु उपयोग में लाया जायेगा वह किसी अन्य वस्तु या द्रव्य को परिवहन हेतु इस्तेमाल नहीं किया जायेगा।

4.3 सेप्टेज का निष्पादन और इलाजः

राज्य सेप्टेज मैनेजमेंट प्रोटोकोल के अनुसार प्रत्येक पालिका कर्णप्रयाग (चमोली) की अपनी एक इकाई होगी। तथा सेप्टेज को क्षेत्रान्तर्गत स्थित उत्तराखन्ड जल संस्थान केएस0टी0पी0 मे परिवहन किया जायेगा । भविष्य हेतू एक अलग सेप्टेज ट्रीटमेंट प्लान का निर्माण हेतू भी कार्ययोजना तैयार कराने के प्रयास किये जायेगे ।

5. सुरक्षा उपायः

1. उचित तकनीकी सयंत्र, सुरक्षा, उपकरण का प्रयोग करते हुए मल निस्तारण किया जायेगा । फीकल स्लज और सेप्टेज ट्रांसपोर्टर यह आशान्वित करेगे समस्त मल निस्तारण कर्मचारी उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जिसके अंतर्गत कंधे की लंबाई तक पूरा नियोप्रीन गलब्स , रबड़ बूट, चेहरे का मास्क और आंखों की सुरक्षा आदि समस्त उपकरण एकत्रीकरण क्षेत्र से पहले अपना लिया जायेगा । इसके लिये जागरूकता भी की जायेगी । इसके अलावा प्रथम सहायता किट, गैस का पता करने वाला लैंप और अग्निशामक यत्र , मल निस्तारण गाड़ी में रखे जायेगे । जब सेप्टिक टैंक और पिट लैट्रिन में काम चल रहा हो, धूम्रपान वर्जित रहेगा ।

2 मल निस्तारण कार्यकर्ता सेप्टिक टैंक में और शौचालय गड्ढे में प्रवेश नहीं करेंगे और आच्छादित टैंक को हवा के लिए आना-जाना रखेंगे, जो कि इस कार्य को शुरू करने से पहले किया जाना आवश्यक होगा । बच्चों को टैंक के ढक्कन से दूर रखा जायेगा , एवम टैंक को स्क्रू और ताले से सुरक्षित रखा जाये । कर्मचारी सावधान रहेंगे कि मल निस्तारण प्रक्रिया के समय ढक्कन पर अत्यधिक भार न हो ताकि मेन हाल का ढक्कन टूटने से बचा रहे।

6. सेप्टेज खाली करना और वाहन के पंजीकरण का परिवहनः

6.1 नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग दर्ज करेगा और लाईसेंस निर्गत करेगा निजी व्यवसायों के लिए जिनके पास मशीनीकरण खाली करना और परिवहन गाड़ी उपलब्ध हो। इस प्रकार का लाईसेंस निर्गत करने से पहले यह आशान्वित करेगा कि यह ट्रक उचित उपकरण और उचित सुरक्षा माप से सुसज्जित है। सेप्टेज ट्रांसपोर्टर और उसका पंजीकरण हेतु प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत करेगा, जो कि गाड़ियों के परिवहन हेतु होगा। ये निजी व्यक्ति को भी अपने इस कार्य में उत्साहित करेंगे। पंजीकरण प्रपत्र और परमिट परिशिष्ट-ए, 2 में संलग्न है।

6.2 कोई भी व्यक्ति या वाहन पंजीकृत सेप्टेज ट्रांसपोर्टर द्वारा प्रयोग किया जायेगा, जो कि एकत्रीकरण परिवहन और सेप्टेज के प्रयोजन हेतु है। जब तक इसका पंजीकरण सेप्टेज ट्रांसपोट्रेशन व्हीकल एस0एम0सी0 के साथ इन प्रोटोकोलों में जब तक पंजीकृत नहीं है।

सारणी 1 पंजीकरण व्यय

अ.	प्रारंभिक पंजीकरण	:	रू0 2000.00 प्रति गाड़ी
ब.	नवीनीकरण	:	रू0 1500.00 प्रति गाड़ी
स.	नाम परिवर्तन या स्वामित्व का परिवर्तन	:	रू0 1000.00 प्रति गाड़ी
द.	अन्य संसोधन आवश्यकतानुसार	:	रू0 1000.00 प्रति गाड़ी (समस्त लागत दर 10 प्रतिशत वार्षिक के हिसाब से बढ़ेगा)

पंजीकरण व्यय जैसा कि सांकेतिक है नगर पालिका बोर्ड द्वारा जो स्वीकृत है, उसमें अन्तर आ सकता है।

7. उपभोक्ता लागत और इसका संचयः

7.1 इस क्षेत्र के समस्त मालिक जो सेप्टिक टैंक और शौचालय के गड्ढे जिसका भुगतान उपभोक्ता करेगा जैसा कि नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग में फेकल स्लज और सेप्टेज उपनियम में समय-समय पर दर्शाया गया है जो कि सेप्टिक टैंक के भरने, शौचालय के गड्ढे, परिवहन और फीकल स्लज एवं सेप्टेज के उपाय हेतु है।

7.2 इस क्षेत्र के समस्त मालिक जिनके अपने क्षेत्र में निरर्थक पानी के निष्कासन की प्रणाली उपलब्ध है, जो कि नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग कार्य एवं शिकायत हेतु प्रमाणित है और वे भी जो कि सीवर नेटवर्क से सम्बन्धित है, उनको उपभोक्ता के भुगतान से विमुक्त किया जाता है।

7.3 नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग अपनी लागत संशोधित करेगा, जो कि समय-समय पर इससे सम्बन्धित है। ऐसी उपभोक्ता लागत जिसके अंतर्गत मल निस्तारण लागत परिवहन एवं फीकल स्लज और सेप्टेज के निष्कासन हेतु।

7.4 उपभोक्ता लागत क्षेत्र विशेष के स्वामी से एकत्र किये जाये जो निम्नवत है।

अ. उपभोक्ता लागत प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित भवन/सेप्टिक टैंक मालिक से नगर पालिका परिषद द्वारा वसूल कर नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग मे जमा किया जायेगा।

ब. नगर पालिका परिषद कर्णप्रयाग किसी भी व्यक्ति को अधिकृत कर सकता है जिसके अंतर्गत फीकल स्लज और सेप्टेज परिवहन जो कि उपभोक्ता लागत से एकत्र की जायेगी। जो कि उस क्षेत्र विशेष का स्वामी है और सेप्टिक टैंक और शौचालय के गड्ढे से सम्बन्धित है। एक यादगार समझदारी नगर पालिका और अधिकृत फीकल एवं परिवहनकर्ता के बीच अनुबंधित होगी जो यह अधिकार देगा कि वह इसकी लागत वसूली करें और उसका भुगतान निकाय को करना होगा।

स उपभोक्ता लागत को मासिक सिचाई लागत या संपत्ति कर में जोड़ा जायेगा या एक विशेष नगरीय पर्यावरण फीस या भुगतान जैसा कि कार्यक्रम के अंतर्गत होगा, करना होगा।

सारणी - 2 उपभोक्ता लागत

